फर्द अहकाम

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ़

राजस्थान राज्य तहसीलदार हमीरगढ बनाम पटवार हल्का तख्तपुरा

किस्म मुकदमा: प्रार्थना पत्र धारा 131, 132 एलआरएक्ट प्रकरण संख्या 165/2024

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियला जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26.11.2024	तहसीलदार, हमीरगढ द्वारा ग्राम तख्तपुरा प०ह० तख्तपुरा तहसील हमीरगढ के आराजी नं0 1095 रकबा 2.9463 हे० किस्म बजंड भूमि जो राजस्व रेकार्ड में बंजड हेतु दर्ज हैभूमि में से 1.3970 हे० भूमि पर जा रहे चालू रास्ते का अंकन राजस्व अभिलेख में करवाने हेतु प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131.132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 मय दस्तावेजात नकल जमाबन्दी, नकल नक्शा, मौका रिपोर्ट पटवार हल्का तख्तपुरा परिशिष्ट–ए एवं अभिशंषा तहसीलदार, हमीरगढ प्रस्तुत करने पर पत्रावली पेश हुई। तहसीलदार हमीरगढ हमीरगढ द्वारा प्रस्तुत प्रा0पत्र में ग्राम तख्तपुरा प०ह० तख्तपुरा तहसील हमीरगढ के आराजी नं0 1095 रकबा 2.9463 हे० किस्म बजंड भूमि जो राजस्व रेकार्ड में बंजड हेतु दर्ज है भूमि में से 1.3970 हे० भूमि पर जा रहे चालू रास्ते का अंकन राजस्व अभिलेख में करवाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसमें केवल प्रार्थी की खातेदारी तक ही रास्ता दर्ज किये जाने का प्रस्ताव प्रेषित कराया गया है। धारा 131,132 में किसी एक खातेदार के लिए रास्ता अंकन कराने के प्रावधान नही है। अतः तहसीलदार हमीरगढ से प्राप्त प्रस्ताव 131,132, एलआरएक्ट खारीज किया जाता है। पत्रावली फेसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ़ (राज.)	